तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज मुकदमा संख्या :– 45/2023 श्रीराम आदि बनाम भूमि अधिकारी दावा बाबत घोषणा एवं रिकॉर्ड दुरूस्ती	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

–: निर्णय :–

30.05.2023

पत्रावली आज प्रशासन गांवो के संग अभियान कोर्ट कैम्प भड़ौंदा कला में पेश हुई। प्रार्थी उपस्थित। प्रार्थना पत्र में वादी संख्या 1 श्रीराम की मृत्यु होना जाहिर किया। मृतक प्रार्थी श्रीराम के कायम मुकामान व संशोधित उनवान पूर्व से शामिल पत्रावली हैं। प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि राजस्व ग्राम भड़ौंदा कला के हाल भूमि खाता संख्या 441 के खसरा संख्या 783, 784 किता 2 का कुल रकबा 1.90 है0 है जबकि वर्तमान नक्सा ट्रेस पुराने नक्से की अपेक्षा छोटा बना हुआ है, जिसको दुरूस्त किया जाये।

प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी को सुना जाकर अनावेदक भूमि अधिकारी तहसीलदार झुंझुनूं से प्रकरण में रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेखित किया कि उपरोक्त खसरा नं. 783, 784 के गत खसरा नं. 311 रकबा 7 बिघा 10 बिश्वा रहे हैं। ऑफिस कानूनगो झुंझुनूं द्वारा क्रमांक 3973 दिनांक 07.03.2022 द्वारा जारी गत खसरा नं. की नक्सा सीट इसी क्रमांक 3973 दिनांक 07.03.2022 द्वारा जारी वर्तमान खसरा नं. की नक्सा सीट का आपस में मिलान करने पर गत खसरा नं. 311 की बजाय वर्तमान खसरा नं. 783, 784 का नक्सा छोटा पाया गया । अतः वर्तमान खसरा नं. का नक्सा दुरूस्त किये जाने की सिफारिस की जाती है। पत्रावली पर उपलब्ध समस्त दस्तावेजों व रिपोर्ट तहसीलदार का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने पर स्वीकार किया जाकर वर्तमान नक्सा दुरूस्त करना न्यायोचित प्रतीत होता है। लिहाजा –

–: आदेश :–

राजस्व ग्राम भड़ौंदा कला के हाल भूमि खाता संख्या 441 के खसरा नं. 783, 784 का वर्तमान नक्सा ट्रेस मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार गत नक्सा सीट के अनुसार दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार को पालना हेतु तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर में कम हो तथा बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 30/05/2023 को प्रशासन गांवो के संग अभियान कोर्ट कैम्प भड़ौंदा कला में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
झुंझुनूं

Scanned with OKEN Scanner